भारत सरकार Government of India
रेल मंत्रालय Ministry of Railways
रेलवे भर्ती बोर्ड, सिलीगुड़ी
Railway Recruitment Board, Siliguri

<u>केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 01/2018 के अंतर्गत स्टेंडबाय/प्रतीक्षासूची में सूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए तकनीशियन ग्रेड III फिटर/इंजीनियरिंग (कोटि संख्या : 61) का डायवरजन पैनल ।</u>

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. **01/2018** के अंतर्गत दिनांक **09.08.2018** से **31.08.2018** और **04.09.2018** को आयोजित प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्रदर्शन के आधार पर, दिनांक **21.01.2019** से **23.01.2019** एवं **08.02.2019** को आयोजित दूसरे चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्रदर्शन के आधार पर, दिनांक **17.06.2019** से **25.06.2019, 05.08.2019** से **08.08.2019** को आयोजित दस्तावेजों के सत्यापन एवं दिनांक **11.08.2019** को आयोजित अनुपस्थित उम्मीदवारों के दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर निम्नलिखित अनुक्रमांक वाले स्टैंडबाय/प्रतीक्षा सूची में सूचीबद्ध उम्मीदवारों को तकनीशियन ग्रेड **III** फिटर/इंजीनियरिंग (कोटि संख्या **: 61)** के पद के लिए अनंतिम रूप से सूचीबद्ध किया गया है और उनके नाम **प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी**, **पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे**, **मालीगांव** को रिक्त पद भरने के लिए भेजे जा रहे हैं। **प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी,पूर्वोत्तर सीमांत रेल,मालीगांव,गुवाहाटी** द्वारा इन उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अगली कार्रवाई केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना 01/2018 और उसके समय समय पर जारी किए गए शुध्दिपत्र में उल्लेखित योग्यता मापदंड जैसे कि मूल/वर्तमान शैक्षणिक/तकनीकि योग्यता प्रमाण-पत्रों, जन्म तिथि, जाति/समुदाय, पूर्ववृत चरित्र, शपथपत्र जहां लागू हो, चिकित्सा परीक्षण इत्यादि के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी,पूर्वोत्तर सीमांत रेल,मालीगांव,गुवाहाटी द्वारा उचित सत्यापन में सही पाए जाने पर की जाएगी। **इस संबंध में उम्मीदवारों को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, पूर्वोत्तर सीमांत रेल, मालीगांव, द्वारा अगले पत्राचार के लिए प्रतिक्षा करनी होगी ।**

उम्मीदवारों को पूर्वोत्तर सीमांत रेल को वचन देना होगा कि वे दिए गए पद के लिए चिकित्सा मानक को सुनिश्चित करने के लिए वे चिकित्सा परीक्षा से (उपयुक्तता) दुबारा गुजरेंगे। यदि वे इस जांच के दौरान अयोग्य पाए जाते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी । पूर्वोत्तर सीमांत रेल द्वारा चिकित्सा परीक्षण मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

यह पैनल पूर्णतः अनंतिम है और यह उम्मीदवारों को रेल में नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है । रेलवे भर्ती बोर्ड इस पैनल के रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । अनुक्रमांक क्षैतिजवार आरोही क्रम में है न की मेधा क्रम में । हालांकि परिणाम घोषित करने में पूरी सावधानी बरती गई है लेकिन यदि कोई त्रुटि या मुद्रण संबंधी गलती रह गई हो तो इसे सुधारने/संशोधित करने का अधिकार रेलवे भर्ती बोर्ड सुरक्षित रखता है।

कोटि संख्या : 61 (तकनीशियन ग्रेड III फिटर/इंजीनियरिंग = 02 पद)	
121001085800044	**301020078720471**

सूची का अंत : कुल **2** उम्मीदवार

दिनांक: **29** अप्रैल, **2024**

(स्थान: सिलीगुड़ी)

अध्यक्ष

रेलवे भर्ती बोर्ड/सिलीगुड़ी

D.B.C. Road, P.O. Siliguri Town, Siliguri (W B) Pin 734004
Phone: 0353-2663840, Fax 0353-2663840, Website: www.rrbsiliguri.gov.in, E-mail rrb.siliguri-wb@nic.in